**GOVT. OF BIHAR**

# BIHAR COMBINED ENTRANCE COMPETITIVE EXAMINATION BOARD

**I.A.S. Association Building, Near Patna Airport, Patna-14.**



***Adv. No.- BCECEB(UGEAC)-2022/03* Dated : *11.09.2022***

## UGEAC-2022 के आधार पर बिहार के राजकीय / निजी अभियंत्रण महाविद्यालयों में प्रवेश हेतु Online Counselling से सम्बन्धित आवश्यक सूचना

विज्ञापन संख्या- BCECEB(UGEAC)-2022/01 एवं 2022/02 दिनांक 25.08.2022 के क्रम में UGEAC-2022 के आधार पर तथा BCECE-2022 के आधार पर बिहार राज्य के सरकारी/ निजी अभियंत्रण महाविद्यालयों के BE / B.Tech. की रिक्त सीटों पर Counselling हेतु UGEAC-2022 / BCECE-2022 (PCM Group) में सम्मिलित सभी पात्रता-प्राप्त अभ्यर्थियों / सम्बन्धित अभिभावकों / संस्थानों को निम्नवत् सूचित किया जाता है;

**(A)** UGEAC-2022 के मेधासूची के आधार पर पात्रता-प्राप्त सभी अभ्यर्थियों का Rank Card पर्षद के वेबसाईट पर दिनांक 11.09.2022 को उपलब्ध कराई गयी है। पात्रता-प्राप्त सभी अभ्यर्थी पर्षद के उक्त Website पर जाकर "Rank Card of UGEAC-2022" Link पर Click करने के बाद अपना UGEAC ID एवं जन्म तिथि डालकर Rank Card प्राप्त कर लें।

(1) UGEAC-2022 से संबंधित Online Choice filling / Counselling प्रक्रिया हेतु अभ्यर्थी "Online Counselling Portal of UGEAC-2022 " पर Click करें। तत्पश्चात Online Counselling के लिए नया Registration एवं Choices भरने हेतु "Click here for New Registration" Link पर click कर Computer Screen पर माँगे गये सूचनाओं की प्रविष्टि कर अपना Registration करें।

(2) **Registration उपरांत अभ्यर्थी अपने User ID एवं Password से अपने account में login कर अपनी प्राथमिकता अनुसार अधिक से अधिक Colleges एवं Branches का Choice भरें।** Choice भरने के उपरांत अभ्यर्थी निर्धारित अंतिम तिथि तक अपने Choice को Edit कर सकते हैं । दिये गये Schedule के अनुसार अभ्यर्थी अपने द्वारा भरे गये Choice से अगर संतुष्ट हैं तो अपने choice को Lock कर दें । Choice locking उपरांत अभ्यर्थी अपने द्वारा भरे गये Choices में अगर किसी प्रकार का बदलाव करना चाहते हैं तो वे "Unlock Choices" बटन पर click करें तथा अपने Registered Mobile no. तथा email पर प्राप्त OTP को Authenticate / Verify कर choices में बदलाव निर्धारित अंतिम तिथि तक कर सकते हैं। तदुपरांत अभ्यर्थी अंतिम रूप से भरे गये choices को पुन: lock कर दें। अगर अभ्यर्थी निर्धारित अंतिम तिथि तक अपना Choice lock नहीं करते हैं तो उनका choice निर्धारित अंतिम तिथि के तुरंत बाद स्वत: Lock हो जायेगा । अंतिम तिथि उपरांत choice में किसी प्रकार के बदलाव का प्रावधान नहीं होगा। अभ्यर्थी अपने द्वारा भरे गये choices का Print-out निकाल कर भविष्य के लिए अपने पास सुरक्षित रख लें ।

**<u>नोट :</u> Registration, Choice locking एवं Unlocking की प्रक्रिया OTP Authentication के माध्यम से की जायेगी, जिसे अभ्यर्थी के पंजीकृत / Registered मोबाईल नं. एवं email ID पर भेजा जायेगा । साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि पंजीकृत मोबाईल नं. एवं email ID को किसी भी शर्त्त पर बदला नहीं जा सकता है।**

(3) **Online counselling हेतु Registration एवं Choice filling की प्रक्रिया one-time है। इसलिए अगर कोई अभ्यर्थी first round में Registration नहीं करते हैं अथवा Registration कर अपना Choice Filling नहीं करते हैं तो वैसे सभी अभ्यर्थी को अगले चक्र की Online Counselling हेतु दुबारा registration एवं choice filling का मौका नहीं दिया जायेगा।**

(4) अंतिम रूप से भरे गये Choices की List (सूची) Seat Allotment से पूर्व अभ्यर्थी के पंजीकृत email ID पर email के माध्यम से भेजी जाएगी।

(5) वैसे सभी अभ्यर्थी जिन्होंने निर्धारित अंतिम तिथि तक Choice Filling किया है, के आधार पर Seat Allotment किया जायेगा।

(6) अभ्यर्थी अपना सीट आवंटन Result देखने हेतु निर्धारित तिथि से अपने Account में login कर अपना सीट आवंटन result देख सकते हैं। अगर कोई अभ्यर्थी अपने आवंटित कॉलेज एवं ब्रांच से संतुष्ट नहीं है तो Provisional Allotment Order Download करने के क्रम में अगले round के लिए Upgradation हेतु अपनी इच्छा व्यक्त करें। अगर कोई अभ्यर्थी अगले round की कॉउन्सेलिंग के लिए upgradation हेतु अपनी इच्छा व्यक्त नहीं करते हैं तो उन्हें अगले round की कॉउन्सेलिंग के लिए विचार नहीं किया जायेगा।

(7) आवंटित अभ्यर्थी द्वारा Download किये गये provisional allotment order में Document Verification / Admission हेतु Reporting / Nodal Centre का नाम एवं तिथि अंकित होगा जिसके अनुसार अभ्यर्थी अपने संबंधित Reporting / Nodal Centre पर निर्धारित तिथि तक जाकर अपना Document Verification करायेंगे । अगर कोई अभ्यर्थी किसी भी कारणवश निर्धारित तिथि तक अपना Document Verification नहीं कराते हैं तो वैसे सभी आवंटित अभ्यर्थियों को अगले round के लिए अयोग्य मानते हुए आवंटित सीट को रिक्त मान लिया जायेगा और वे आगे की कॉउन्सेलिंग हेतु भी अयोग्य हो जायेंगे। परन्तु अगर 1st Round में किसी अभ्यर्थी को सीट आवंटन नहीं होता है तो वह अगले Round का इंतजार करेंगे।

(8) **UGEAC-2022 Online Counselling <u>से संबंधित महत्वपूर्ण तिथियाँ निम्नवत् हैं;</u>**

| **Sl.** | **Time Schedule** | **Date** |
|---|---|---|
| 1. | Publication of merit list on Board's Website | 11.09.2022 |
| 2. | Seat Matrix posting on website | 11.09.2022 |
| 3. | Starting date of Online Registration and Choice filling for Seat Allotment | 13.09.2022 |
| 4. | Last date of Online Registration, Choice filling for seat allotment and locking. | 18.09.2022 |
| 5. | **1st Round provisional seat allotment result publication date** | **22.09.2022** |
| 6. | Downloading of Allotment order (1st Round) | 22.09.2022 to 25.09.2022 |
| 7. | Documents Verification and Admission (1st Round) | 23.09.2022 to 25.09.2022 |
| 8. | **2nd Round provisional seat allotment result publication date** | **29.09.2022** |
| 9. | Downloading of Allotment order (2nd Round) | 29.09.2022 to 02.10.2022 |
| 10. | Documents Verification and Admission (2nd Round) | 30.09.2022 to 02.10.2022 |

(9) Document Verification के समय UGEAC-2022 की विवरण पुस्तिका के अनुसार सभी मूल प्रमाण पत्र, Online आवेदन भरने के उपरांत

Download किये गये hard copy अर्थात् Part-A एवं Part-B की प्रति, Online Counselling हेतु Registration एवं Choice filling करने के उपरांत Choice Slip की प्रति, Download किये गये Provisional Allotment Order की तीन प्रति एवं जाँच–पर्ची (भर कर) की दो प्रति, साथ लाना अनिवार्य है।

(10) अभ्यर्थी, Reporting / Nodal Centre पर जाकर अपना Document Verification कराने के पश्चात् अगर अगले round की कॉउन्सेलिंग के लिए Upgradation हेतु इच्छा व्यक्त किये हैं तो वे अपना मूल प्रमाण पत्र के साथ हस्ताक्षरित Document Verification Slip अपने साथ वापस ले लें। यदि 2nd round में उनका सीट Upgrade होता है तो **2nd round में आवंटित सीट पर नामांकन हेतु निर्धारित Reporting / Nodal Centre पर अभ्यर्थी प्रथम चक्र के Document Verification Slip एवं सम्बन्धित सभी वांछित मूल प्रमाण पत्रों के साथ निश्चित रूप से उपस्थित होंगे, अन्यथा 2nd round में आवंटित सीट को रिक्त मान लिया जायेगा जिसके फलस्वरूप पूर्व (1st round) की आवंटित सीट भी रिक्त हो जायेगा।** लेकिन यदि अभ्यर्थी का प्रथम चक्र का सीट ही Retain रह जाता है तो वे पूर्व आवंटित संस्थान में Document Verification Slip एवं सम्बन्धित सभी वांछित मूल प्रमाण पत्रों के साथ report कर निर्धारित अवधि में नामांकन लेंगे, अन्यथा उनका प्रथम चक्र का उक्त आवंटित सीट रद्द हो जायेगा।

**(B) उपरोक्त UGEAC-2022 के आधार पर MOP-UP Counselling में हुए सीट आवंटन / नामांकन उपरान्त अगर सीटें रिक्त रह जाती हैं तो शेष रिक्त सीटों को पर्षद द्वारा आयोजित बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा (BCECE)-2022 की परीक्षा के आधार पर विज्ञापन संख्या-बी.सी.ई.सी.ई.बी.( बी.सी.ई.सी.ई. )-2022/07 दिनांक- 14.08.2022 द्वारा प्रकाशित संयुक्त मेधासूची के PCM ग्रुप के अभ्यर्थियों से मेधा-सह-विकल्प के आधार पर भरा जायेगा, जिसका विस्तृत कार्यक्रम यथासमय प्रकाशित किया जायेगा।**

**परीक्षा नियंत्रक**